NOT APPROVED

# HIMACHAL PRADESH TWELFTH VIDHAN SABHA

(Twelfth Session)

Questions For Oral Answer

## Tuesday, 23 August, 2016/1 Bhadrapada, 1938 (Saka)

----

[Chief Minister - Irrigation & Public Health Minister - Health & Family Welfare Minister - Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Minister - MPP & Power Minister - Forest Minister - Industries Minister - Urban Development Minister - Excise & Taxation Minister - Social Justice & Empowerment Minister - Rural Development & Panchayati Raj Minister and Cooperation Minister ].

Total No. of Questions - 42

----

### FRU Salooni

*3338 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) whether the land for construction of FRU building at Salooni has been identified;

(b) if so, what steps the Health Department is taking to transfer land in its name; and

(c) how much money is available for construction of building and since when?

----

### मादक/नशीले पदार्थों की तस्करी

*3339 **श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 1-4-2016 से 31-7-2016 तक प्रदेश के विभिन्न पुलिस थानों में मादक/नशीले पदार्थों की तस्करी/अवैध व्यापार के कितने मामले दर्ज हुए; ब्यौरा दें;

NOT APPROVED

(ख) कितने व्यक्ति इस अवैध व्यापार में पकड़े गए और उनके विरूद्ध क्या-क्या कार्रवाई अमल में लाई गई;

(ग) इस अवधि में नशे के अवैध व्यापार में संलिप्त व्यक्तियों से कितनी-कितनी धनराशि के नशीले पदार्थ पकड़े गए; और

(घ) सरकार प्रदेश में नशीले पदार्थों के व्यापार व उसके प्रसार की रोकथाम के लिए क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

----

## नमक उद्योग की स्थापना

***3340 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर)ः**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि केन्द्र सरकार ने प्रदेश सरकार से जिला मण्डी के द्रंग नामक स्थान पर हिन्दुस्तान सॉल्ट निगम का नमक पर आधारित उद्योग स्थापित करने बारे कोई प्रस्ताव मांगा है; और

(ख) यदि हां, तो उसकी नवीनतम स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

NOT APPROVED

----

## Construction of ICMR Building

***3341 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that Indian Council of Medical Research has opened a unit temporarily at Keylong Regional Hospital with equipments & staff;

(b) whether it is also a fact that land for construction of ICMR building near Keylong has been identified; and

(c) if so, by when the land will be transferred & other necessary permissions for the construction of the building be given; details be given?

----

NOT APPROVED

## बस रूट

***3342 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में हिमाचल पथ परिवहन निगम के कौन-कौन से बस रूट बन्द किये गये; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार इन्हें पुनः कब तक शुरू करने का विचार रखती है; ब्यौरा बंद करने के कारणों सहित दें?

----

## सड़क निर्माण

***3343 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया गया; ब्यौरा दें;

(ख) PMGSY की कितनी सड़कें इस क्षेत्र में लम्बित पड़ी हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) NABARD के अन्तर्गत किस-किस सड़क का निर्माण किया गया तथा कौन-कौन सी सड़कें लम्बित हैं; ब्यौरा दें?

NOT APPROVED

----

## पार्किंग व्यवस्था

***3344 श्री गोविन्द राम शर्मा (अर्की):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि गुजरात अम्बुजा सीमेंट प्लांट द्वारा जो ट्रक Klinker और Cement की ढुलाई में लगाए गए हैं उनकी पार्किंग की व्यवस्था हेतु कोई प्रावधान नहीं किया गया है; और

(ख) यदि हां, तो इन वाहनों के लिए कब तक पार्किंग का निर्माण किया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

NOT APPROVED

## गौ सदन

***3345 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में सरकार द्वारा भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत किन-किन स्थानों पर गौ सदन खोले गये तथा इनके लिए कितनी धनराशि की व्यवस्था की गई;

(ख) विभाग ने इन गौ सदनों के निर्माण हेतु क्या भूमि अपने नाम हस्तांतरित कर ली है; यदि नहीं, तो कारण; और

(ग) सरकार कब तक इन गौ सदनों को स्थापित करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें ?

----

## शाहनहर परियोजना

***3346 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि शाहनहर परियोजना का कार्य किस वर्ष शुरू किया गया तथा यह कब तक बनकर तैयार हो जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## शिलाई लोक निर्माण मण्डल द्वारा कार्य

***3347 श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) दिनांक 1 अप्रैल, 2015 से 31 जुलाई, 2016 तक शिलाई लोक निर्माण मण्डल में कितने कार्य विभिन्न मदों के अन्तर्गत किए गए; ब्यौरा नाम व धनराशि सहित दें; और

(ख) इस तिथि तक विभाग की कितनी देनदारी बकाया है; ब्यौरा दें?

----

## पटवारियों की रिक्तियां

***3348 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में रोहडू विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितने पटवार खाने कार्यरत हैं और पटवारियों के कितने पद स्वीकृत हैं तथा कितने रिक्त हैं; ब्यौरा दें?

----

NOT APPROVED

## Channelization of Khads

***3349 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is true that the project named as channelization of various Khads and C/o small dams wherever feasible under Nalagarh Assembly Constituency stands sponsored as MLA priority (1st) during the financial year 2014-15;

(b) whether it is also true that final DPRs of these works have not been completed till date;

(c) what are the bottlenecks; if any and the reasons for this abnormal delay; and

(d) by when the model studies work will be completed and the final DPR be prepared for its onward sponsorship to MOWR(GOI) for approval and allotment of funds?

----

## बैच वाईज नियुक्ति हेतु आयु सीमा

***3350 श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में विभिन्न विभागों में बैच वाईज आधार पर नियुक्ति हेतु क्या आयु सीमा निर्धारित है; और

(ख) सरकार क्या प्रदेश में विभिन्न योग्यता प्राप्त बैच वाईज पात्र अभ्यर्थियों जिन्होंने आयु सीमा को पार कर लिया है को नियुक्तियां देने हेतु आयु सीमा में छूट देने का विचार रखती है?

----

## चार्जशीट पर कार्रवाई

***3351 श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 31 जुलाई, 2016 तक भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में फैले व्यापक भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में जो-जो चार्जशीटें दी हैं; सरकार ने उन पर क्या-क्या कार्रवाई की है; प्रति सभा पटल पर रखें?

----

NOT APPROVED

## पाइपें उपलब्ध करवाना

*3352 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-
(क) सरकार द्वारा पेयजल एवं सिंचाई योजनाओं हेतु विभिन्न डाया की पाइपों की खरीद हेतु कौन सी प्रक्रिया अपनाई जाती है और निविदाएं किस स्तर पर खोली एवं स्वीकृत की जाती हैं; ब्यौरा दें;

(ख) यह सत्य है कि कुल्लू जिला के विभिन्न मण्डलों में विभिन्न डाया की पाइपों के अभाव में, विशेषकर आधी डाया की पाइपें उपलब्ध न होने के कारण, योजनाओं के निर्माण में बाधा उत्पन्न हुई; और

(ग) यदि हां, तो क्या अब पाइपें उपलब्ध करवा दी गई हैं; ब्यौरा मण्डलशः पाईपों के डाया सहित तिथिवार दें?

----

## पर्यटन को बढ़ावा

*3353 **श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि सरकार बैजनाथ क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार बैजनाथ से ततवाणी सड़क, ततवाणी के गर्म पानी के चश्मों का विकास तथा बैजनाथ-जालसू एवं बीड़-बिल्लिंग बड़ा ग्रां सड़क निर्माण, बैजनाथ-मणीमहेश व बैजनाथ-बड़ा भंगाल को हैली टैक्सी सेवा आरम्भ करना तथा खीर गंगा घाट को विकसित करेगी; ब्यौरा दें?

----

## प्राथमिक उपचार

*3354 **श्री राम कुमार (दून):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि किसी नागरिक की दुर्घटना या कोई जहरीला पदार्थ निगल जाने पर पुलिस कार्रवाई होने तक प्रदेश के अस्पतालों में प्राथमिक उपचार नहीं किया जाता है; और

(ख) यदि हां, तो कारण?

----

NOT APPROVED

## प्रीणी सब-स्टेशन

***3355 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) सरकार क्या मनाली विधान सभा चुनाव क्षेत्र की बिजली सम्बन्धित समस्याओं का समाधान करने के लिए बिजली बोर्ड के प्रीणी सब-स्टेशन को ऐलायन-दुहांगन विद्युत परियोजना के पावर हाऊस से जोड़ने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो सरकार ने अभी तक क्या-क्या प्रयास किए हैं; इस कार्य को कब तक पूर्ण किया जाएगा; ब्यौरा दें; और

(ग) इस योजना को कार्यान्वित करने पर क्षेत्र की जनता को क्या-क्या लाभ व सुविधाएं पहुंचेगी; ब्यौरा दें?

NOT APPROVED

----

## स्वास्थ्य संस्थानों की स्थापना

***3356 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में प्रदेश में विभिन्न स्तर पर कितने स्वास्थ्य संस्थान खोले गए; ब्यौरा श्रेणीवार विधान सभा क्षेत्रशः दें?

----

## अवैध धर्मशालाएं

***3357 श्री कुलदीप कुमार (चिन्तपुरनी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में जिला ऊना के अन्तर्गत चिन्तपूर्णी क्षेत्र में कितनी धर्मशालाएं/सराएं का निर्माण किया गया हैं;

(ख) इनमें से कितनी गैर-कानूनी हैं; और

(ग) सरकार द्वारा इनके विरूद्ध क्या कार्रवाई अमल में लाई गई; ब्यौरा दें?

----

NOT APPROVED

## सरकारी खजाने से पैंशन अदायगी

***3358 श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि नगर पंचायत, नगर परिषद एवं नगर निगमों के कर्मचारी सरकारी कर्मचारी की श्रेणी में आते हैं तथा इन कर्मचारियों को वेतन सरकारी खजाने से दिया जाता है;

(ख) यदि हां, तो जब यह कर्मचारी रिटायर होते हैं तो उन्हें सेवानिवृत्ति के उपरान्त मिलने वाली धनराशि भी सरकार द्वारा दी जाती है; और

(ग) सरकार क्या इन कर्मचारियों को पैंशन की अदायगी भी सरकारी खजाने से करने पर विचार करेगी?

----

## ठेके पर बिल काटने का कार्य

***3359 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड के कितने मण्डलों में बिजली उपभोक्ताओं के बिल काटने का काम ठेके पर दिया गया है; ब्यौरा मण्डलश: दें; और

(ख) यह ठेके किस दर पर दिए गए हैं और इसकी क्या-क्या शर्तें हैं; ब्यौरा दें?

----

## धनराशि को वापिस करना

***3360 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश सरकार ने 13वें वित्त आयोग की राशि को वापिस करने के आदेश सभी ब्लॉकों को दिये हैं; विवरण दें; और

(ख) यदि हां, तो इस राशि को किस कारण वापिस करने के आदेश दिये गये; विवरण कारण सहित दें ?

----

NOT APPROVED

## Hydro Electric Project

***3361 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) whether the Government has any proposal to set up 48MV Sundla Surgani Hydro Electric Project in Chamba District;

(b) if so, what is the latest position; and

(c) whether the funding for the same has been tied up?

----

## खनन हेतु नीलामी

***3362 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 31-7-2016 तक प्रदेश में कितने खनन क्षेत्रों की पहचान की गई है; ब्यौरा विकास खण्डवार दें;

(ख) यह सत्य है कि इन खनन क्षेत्रों को खुली नीलामी द्वारा आबंटित करने का प्रस्ताव है; और

(ग) यदि हां, तो कब तक इन खनन क्षेत्रों को आबंटित कर दिया जाएगा?

NOT APPROVED

----

## Hand Pumps

***3363 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) During this financial year upto 31st July, 2016, how many hand pumps have been sanctioned and installed in various parts of the Pradesh; details be given division-wise; and

(b) this year how many hand pumps are sanctioned for Lahaul & Spiti?

----

NOT APPROVED

## कार्य का आबंटन

***3364 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 1.1.2013 से 30.6.2016 तक लोक निर्माण मण्डल सरकाघाट के अन्तर्गत विभिन्न ठेकेदारों/फर्मों को क्या-क्या कार्य आबंटित किये गये; ब्यौरा कार्यों का ठेकेदार/फर्मवार दें; और

(ख) इस अवधि के दौरान किस-किस ठेकेदार/फर्म को कितनी-कितनी धनराशि अदा की गई; ब्यौरा राशि का उसके विरूद्ध निष्पादित कार्यों की प्रतिशतता सहित दें?

----

## स्वास्थ्य संस्थानों की रिक्तियां

***3365 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न अस्पतालों तथा अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में डॉक्टरों व अन्य स्टाफ के कितने-कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा संस्थानवार दें; और

(ख) सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; ब्यौरा दें ?

----

## विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में रिक्तियां

***3366 श्री गोविन्द राम शर्मा (अर्की):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01.04.2016 से 31.07.2016 तक अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में डॉक्टरों एवं पैरा मैडिकल स्टाफ के कितने-कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा संस्थानवार दें; और

(ख) सरकार इन पदों को कब तक भरने का विचार रखती है?

----

NOT APPROVED

## करूणामूलक आधार पर नियुक्ति

***3367 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) दिनांक 01 जनवरी, 2015 से 31 जुलाई, 2016 तक भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग में करूणामूलक आधार पर भर्ती के लिए कितने लोगों ने आवेदन किया था, उनमें से कितने लोगों को नियुक्ति दी गई तथा कितने शेष हैं; ब्यौरा नाम पते सहित दें; और

(ख) सरकार कब तक शेष लोगों को नियुक्त करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## सड़कों का सुधार

***3368 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार इन्दौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कब तक करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## शिक्षण संस्थानों की स्थापना

***3369 श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 31 जुलाई, 2016 तक शिलाई विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितने शैक्षणिक संस्थान खोले गए; ब्यौरा दें;

(ख) इन संस्थानों के कितने भवनों का निर्माण किया गया हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) इन संस्थानों में कितने-कितने पद स्वीकृत हैं और कितना-कितना स्टाफ कार्यरत है; ब्यौरा दें?

----

## पशु चिकित्सकों की रिक्तियां

***3370 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 31 जुलाई, 2016 तक रोहडू विधान सभा चुनाव क्षेत्र में पशु चिकित्सकों के कितने पद स्वीकृत हैं और कितने रिक्त हैं; ब्यौरा संस्थानवार दें?

----

NOT APPROVED

## आरक्षण को सुनिश्चित करना

***3371 श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि RUSA प्रणाली के अन्तर्गत दाखिले हेतु सभी वर्गों के लिए कोटा निर्धारित है; यदि हां, तो क्या यह भी सत्य है कि प्रदेश में प्रथम कौंसलिंग के उपरान्त शेष रही खाली सीटों को विभिन्न वर्गों के लिए निर्धारित सीटों में से न भर कर सामान्य श्रेणी से भरा जा रहा है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार विभाग को द्वितीय कौंसलिंग करने व उसके बाद सीटों को भरते समय विभिन्न वर्गों के लिए आरक्षण को सुनिश्चित करेगी?

NOT APPROVED

----

## कर्मचारियों की मांग

***3372 श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) इस वर्ष जून माह में हिमाचल पथ परिवहन निगम के कर्मचारियों ने हड़ताल के दौरान क्या-क्या मांगें सरकार के सम्मुख रखी थी;

(ख) इनमें से कितनी मांगें मान ली गई; ब्यौरा दें;

(ग) इससे पूर्व कितनी बार हिमाचल पथ परिवहन निगम के कर्मचारियों ने हड़ताल की और Essential Services Maintenance Act लगाया गया तथा कितने कर्मचारियों को suspend/terminate किया गया; ब्यौरा कारणों सहित दें;

(घ) यह सत्य है कि हिमाचल पथ परिवहन निगम के कर्मचारियों से overtime कार्य करवाया जाता है; यदि हां, तो क्या ऐसा system अन्य विभागों/बोर्डों-निगमों में भी है; ब्यौरा दें; और

(ड.) निगम रविवार/अन्य छुट्टियों के दिन जो कर्मचारी अपनी Duty देते हैं उनको किस रूप में Compensate करता है; ब्यौरा दें?

----

NOT APPROVED

## ट्रैफिक जाम

***3373 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि इस वर्ष दिनांक 31 जुलाई, 2016 तक कुल्लू जिला में ट्रैफिक जाम विशेषकर मनाली क्षेत्र के Left bank प्रीणी Area और भून्तर मनीकरण सड़क में सर्वाधिक रहा और लोगों को घण्टों प्रतिदिन और रात्रि में असुविधा का सामना करना पड़ा; यदि हां, तो इसके क्या कारण रहे;

(ख) दिनांक 01.03.2016 से 31.07.2016 तक पुलिस विभाग ने भून्तर-मनीकरण और जिया-कुल्लू सड़क पर बाहर से आने वाली गाड़ियों के कितने चालान काटे विशेषकर ट्रकों और मोटर साईकल में आने वाले यात्रियों के और कितनी धनराशि प्राप्त की गई; ब्यौरा तिथिवार दें; और

(ग) कुल्लू ट्रैफिक पुलिस के अतिरिक्त क्या पुलिस मुख्यालय अथवा सैंज से भी कोई अधिकारी इस कार्य हेतु नियुक्त किए गए थे; यदि हां, तो इन्होंने चालान के रूप में कितनी धनराशि वसूल की?

----

## भू-स्खलन की रोकथाम

***3374 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि बैजनाथ- मण्डी राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर दरारें आने से बिनवा नदी की ओर भू-स्खलन होने से सड़क बंद हो सकती है; यदि हां, तो इस भू-स्खलन को रोकने तथा सड़क के बचाव हेतु क्या पग उठाए गए हैं; ब्यौरा दें?

----

## बेलदारों की भर्ती

***3375 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि लोक निर्माण विभाग में सेवानिवृत्ति के कारण दिन-प्रतिदिन घटती बेलदारों की संख्या के कारण सड़कों की दशा दयनीय हो रही है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार बेलदारों की भर्ती करने हेतु क्या पग उठा रही है?

----

NOT APPROVED

## आंत्रशोथ का प्रकोप

***3376 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि हाल ही में सिराज विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भाटकीधार में आंत्रशोथ के प्रकोप से बड़ी संख्या में लोग बीमार हुए थे; यदि हां, तो कितने लोग इससे प्रभावित हुए; और

(ख) यह भी सत्य है कि इस आंत्रशोथ से एक बच्ची की जान गई है; ब्यौरा दें?

NOT APPROVED

----

## विद्युत रहित पाठशालाएं

***3377 श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश में कितनी प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च तथा वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाएं हैं तथा इनमें से कितनी पाठशालाएं विद्युत रहित तथा शौचालय रहित हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) दिनांक 31 जुलाई, 2016 तक कितनी पाठशालाओं में विद्यार्थियों की संख्या पांच से कम है तथा ऐसी कितनी पाठशालाएं हैं जहां पर एक ही अध्यापक कार्यरत है ?

----

## महाविद्यालय की स्थापना

***3378 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश सरकार ने श्री नैना देवीजी में एक नया डिग्री कॉलेज खोल दिया है;

(ख) यह भी सत्य है कि वहां पर पहले से ही हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से सम्बद्ध (Affiliated) एक प्राईवेट ड्रिग्री कॉलेज चल रहा है; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार उसे अपने अधीन लेने(Take over) का विचार रखती है?

----

NOT APPROVED

## चिकित्सक की नियुक्ति

***3379 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **सहकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि नाचन विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत आयुर्वैदिक औषधालय सेगली में नियुक्त चिकित्सक प्रतिनियुक्ति पर है; और

(ख) यदि हां, तो कितने वर्षों से तथा इस औषधालय में स्थाई चिकित्सक की नियुक्ति कब तक कर दी जायेगी; ब्यौरा दें?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांकः 6 अगस्त, 2016.** **सचिव।**

NOT APPROVED